दूरभाष: 0522–2838108

कार्यालय परियोजना निदेशक
राज्य स्वच्छ गंगा मिशन–उ0प्र0

नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, उ0प्र0
प्लाट नं0–18, सेक्टर–7, गोमती नगर विस्तार योजना, लखनऊ।
www.smcg-up.org, email: apd@smcg-up.org

पत्र संख्या: 318 /0414-C/एस.एम.सी.जी./01 दिनांक: 2023 27/03/2023

सेवा में,

जिलाधिकारी/अध्यक्ष, जिला गंगा समिति,
जनपद– आगरा, अयोध्या, बलिया, बरेली, भदोही, बिजनौर, बुलन्दशहर, चन्दौली, फतेहपुर, गौतमबुद्ध नगर (नोएडा), गाजीपुर, गाजियाबाद, गोरखपुर, हापुड़, हरदोई, कन्नौज, कानपुर नगर, कौशाम्बी, लखनऊ, मथुरा–वृन्दावन, मेरठ, मिर्जापुर, मुरादाबाद, प्रतापगढ़, प्रयागराज, रायबरेली, शाहजहाँपुर, अलीगढ़, अमेठी, अमरोहा, बदायूं, चित्रकूट, इटावा, फर्रुखाबाद, फिरोजाबाद, जौनपुर, झांसी, कासगंज, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर, सम्भल, सोनभद्र, सुल्तानपुर, बांदा, उन्नाव एवं वाराणसी।

विषय:– नमामि गंगे कार्यक्रम के अंतर्गत प्रचार–प्रसार हेतु जनपद के विभिन्न स्थानों पर होर्डिंग्स लगाये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया अवगत कराना है कि नमामि गंगे कार्यक्रम के अंतर्गत गंगा की निर्मलता, अविरलता, तथा संरक्षण के लिये लगातार प्रयास किये जा रहे है। नमामि गंगे कार्यक्रम के उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए समय–समय पर जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते है। इसी क्रम में नमामि गंगे कार्यक्रम पर जन जागरूकता हेतु आपके जनपद में होर्डिंग्स लगाये जाने के लिये धनराशि अवमुक्त की गयी है।

अतः अपने जनपद में कुल 15 होर्डिंग्स को मुख्य स्थानों–यथा बस स्टेशन, रेलवे स्टेशन, मुख्य घाट, मुख्य चौराहे, विकास भवन, डी0एम0 कार्यालय, डी0एफ0ओ0 कार्यालय, सरकारी मुख्य चिकित्सालय, सरकारी विद्यालय आदि स्थानों पर लगायी जानी है। प्रत्येक होर्डिंग की साईज 20X10 sq. ft की होगी, जिसके लिए प्रति जनपद को कुल धनराशि रू0 67,391.00 अवमुक्त की गयी है। होर्डिंग्स के डिजाइन पत्र में संलग्न है तथा साफ्ट कॉपी ई–मेल के माध्यम से भेजी जायेगी।

कृपया अपने जनपद में नमामि गंगे कार्यक्रम से संबंधित 15 होर्डिंग्स लगाया जाना सुनिश्चित कराये जाने हेतु संबंधित को निर्देशित करने का कष्ट करें।

भवदीय

संलग्नक–उपरोक्तानुसार।

(रत्नेश कुमार सिंह)
निदेशक वित्त,
राज्य स्वच्छ गंगा मिशन–उ0प्र0

प्रतिलिपि:– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. सम्बन्धित मुख्य विकास अधिकारी/नोडल अधिकारी, नमामि गंगे कार्यक्रम।
2. सम्बन्धित प्रभागीय वनाधिकारी/सदस्य सचिव, जिला गंगा समिति।

निदेशक वित्त,
राज्य स्वच्छ गंगा मिशन–उ0प्र0